# आईटी पार्क में 36 हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर इकाइयां होंगी स्थापित

**हि अच्छी खबर**

- 3.5 एकड़ में फैले आईटी पार्क में 15,000 से अधिक युवाओं को मिलेगा रोजगार
- वॉक-इन वर्कस्पेस और बड़ी कंपनियों के लिए उपलब्ध होगा सर्विस सेंटर



**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** 1 गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) सेक्टर-7 में लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से बना अत्याधुनिक आईटी पार्क बनकर तैयार हो गया है। जल्द ही इसका आवंटन शुरू होगा। सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया द्वारा 3.5 एकड़ में विकसित इस पार्क में 36 सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर इकाइयां स्थापित होंगी। पार्क में स्थापित होने वाली इकाईयों में 15,000 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है।



> आईटी पार्क बन कर तैयार है। इसमें देश की प्रतिष्ठित सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर कंपनियां को आमंत्रित किया जाएगा। आईटी पार्क का उद्देश्य एक ऐसा टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम तैयार करना है, जहां स्टार्टअप, फ्रीलांसर, सॉफ्टवेयर डेवलपर्स और टेक्निकल प्रोफेशनल्स मिलकर काम कर सकें। गोरखपुर एक नए आईटी हब के रूप में विकसित होगा।
>
> **– अनुज मलिक,** सीईओ, गीडा

करीब 20 करोड़ रुपये की लागत से विकसित पार्क आधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसमें वॉक-इन वर्कस्पेस और बड़ी कंपनियों के लिए सर्विस सेंटर शामिल हैं। 36 आईटी इकाइयां स्थापित होने से स्थानीय युवाओं के लिए नौकरी के बड़े अवसर खुलेंगे। पार्क में स्टार्टअप्स को भी बढ़ावा मिलेगा। पार्क फ्रीलांसिंग और नए स्टार्टअप्स को एक मंच प्रदान करेगा। चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आरएन सिंह का कहना है कि आईटी पार्क गोरखपुर को पूर्वांचल में तकनीकी और स्टार्टअप हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो नोएडा के बाद क्षेत्र को आईटी में एक नई पहचान देगा। एआई से लेकर नए तकनीकी अवतार को देखते हुए आईटी पार्क कई संभावना के द्वारा खोलेगा।

**आधुनिक सुविधाओं से लैस है आईटी पार्क :** आईटी पार्क आधुनिक सुविधाओं से लैस है। यहां वॉक-इन वर्कस्पेस, स्टार्टअप्स और फ्रीलांसरों के लिए साझा कार्यस्थल, आईटी और आईटी-ईएस कंपनियों के लिए सर्विस सेंटर, हाईस्पीड इंटरनेट, डेटा सपोर्ट और अन्य जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराया गया है। इससे न सिर्फ बड़ी आईटी कंपनियों को आकर्षित किया जा सकेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा।